



# 240 सड़कों को मिली मंजूरी, 310 किमी मार्गों से जुड़ेंगे मजरा-टोले

## जिला पंचायत अध्यक्ष की पहल, ग्रामीण विकास को मिलेगी नई रफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**गोहद,07अप्रैल।** जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया द्वारा मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (चतुर्थ चरण) के अंतर्गत 240 सड़कों (लगभग 310 किलोमीटर) को जिला पंचायत से स्वीकृति प्रदान की गई है।

**240 मजरा- टोले होंगे सड़क से जुड़े:** इस निर्णय के तहत भिंड जिले के लगभग 240 मजरा-टोले सीधे सड़क संपर्क से जुड़ेंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और शिक्षाए स्वास्थ्य एवं रोजगार से जुड़ी सुविधाओं तक पहुंच आसान बनेगी।

**विकास कार्यों का क्षेत्रवार विवरण:** स्वीकृत सड़कों का विकासखंडवार विवरण इस प्रकार है। अटेर में 66 मजरा- टोले है। जिसमें लगभग 78 किमी की सड़क है। भिंड में 37 मजरा- टोले है। जिसमें लगभग 43 किमी सड़क है। मेहगांव में 57 मजरा-टोले है। जिसमें लगभग 77 किमी सड़क है। गोहद में 65 मजरा-टोले हैं। जिसमें लगभग 86 किमी सड़क है। लहार में 15 मजरा-टोले है। जिसमें लगभग 26 किमी सड़क है। यह योजना ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सड़क निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगाए बल्कि कृषि, व्यापार और अन्य आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**सरकार की विकासोन्मुखी सोच का उदाहरण:** यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मार्गदर्शन में इस कार्य को गति मिल रही है।

# वर्तमान में सर्वे पर्याप्त नहीं, किसानों को तत्काल राहत की जरूरत

## समाजवादी चिंतक और लोसपा संरक्षक रघु ठाकुर बोले

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अप्रैल।** ग्वालियर एवं चंबल संभाग में 4 अप्रैल 2026 को हुई बेमौसम भारी बारिश और ओलावृष्टि ने व्यापक तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं, कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए तथा जनहानि की घटनाओं से क्षेत्र में शोक और संकट का माहौल है।

यह बात प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर ने ऑडियो संदेश जारी कर कही है और इस आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत एवं सहायता प्रदान करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि श्योपुर, दतिया, ग्वालियर, भिंड और मुरैना सहित पूरे संभाग में बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई है। विशेष रूप से भिंड जिले की मेहगांव, गोहद, रौन एवं लहार तहसील तथा दतिया जिले की इंदरगढ़ तहसील में हालात अत्यंत गंभीर बने हुए हैं।

समाजवादी विचारक ने प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेने और जांच शुरू कराने को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि वर्तमान हालात में केवल सर्वे पर्याप्त नहीं है बल्कि तत्काल राहत की आवश्यकता है।

रघु ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा 100 प्रतिशत नुकसान का मुआवजा देने की घोषणा स्वागत योग्य है लेकिन इसके लागू होने में समय लगेगा। ऐसे में जिन परिवारों के सामने भोजन, आवास और जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है उन्हें तुरंत सहायता मिलना अत्यंत आवश्यक है।

# श्रीकृष्ण की रासलीला व रुक्मिणी विवाह कंश वध की कथा का हुआ वर्णन

## पूर्व सांसद डॉ कुमार सिंह ने कथा श्रवण की





**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 7 अप्रैल।** मेहगांव नगर में त्यागी बाग पचैरा रोड, दैपुरिया कॉलेज के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवां दिवस की कथा में भागवत का महात्म्य बताते हुए कथा वाचक भागवत रत्न व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य पं. विमलकृष्ण पाठक जी ने कथा के छठवें दिवस, मंगलवार को योगेश्वर भगवान कृष्ण की महारास की कथा एवं श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह की कथा का वर्णन किया गया। महारास की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार ब्रज गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए कात्यायनी व्रत किया था। उनके इस व्रत से संतुष्ट होकर व्रज गोपियों को मनोकामना पूर्ण होने का वचन दिया था। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने कार्तिक मास की शरद पूर्णिमा को ब्रज गोपियों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए बंशी बजा कर महारास के लिए बुलाया। बंशी की ध्वनि सुनकर जो जिस स्थिति में थी, उसी स्थिति में सांसारिक मोह-माया त्याग कर भगवान की शरण में गहन वन में प्रस्थान किया वहीं रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस प्रकार सब राजाओं को जीत लिया और विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। आज की कथा में बिहार के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राजनीति अगर कृषि सत्ता और धर्म सत्ता से चलेगी तो हमारा देश विश्वगुरु बनेगा श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान परीक्षित श्रीमती अनचाई देवी राकेश त्यागी ठेकेदार निवासी मेहगांव के द्वारा कराई जा रही है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने आते है वहीं सभी भक्तों के लिए प्रतिदिन भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा कराई जा रही हे। आज की कथा मे मुख्य रूप से बिहार के पूर्व सांसद अरुण कुमार सिंह पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन ओ.पी. एस. भदौरिया नगरपरिषद अध्यक्ष पति पिंटू राठौर पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर मंडल अध्यक्ष कामकृष्ण मंडल ग्वालियर शिवसिंह यादव हेवेंइंद्र सिंह गुर्जर पार्षद राकेश चौधरी उदय सिंह गुर्जर हेमंत गुर्जर केशव राठौर हृदेश बंटी त्यागी सुरेंद्र त्यागी ठेकेदार राजेश व्यास महेश कौरव राजेश त्यागी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अमृतमय भागवत कथा का रसपान किया।

# बैंक से 30 हजार गायब, सीसीटीव्ही बंद होने से बढ़ा शक




**नवभारत न्यूज**
**गोहद,07अप्रैल।** शहर के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग पेंशनधारी के 30,000 रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। हैरानी की बात यह है कि घटना के समय बैंक का सीसीटीवी कैमरा बंद बताया जा रहा है, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांधी नगर वार्ड क्रमांक 16 निवासी 75 वर्षीय सेवानिवृत्त सैनिक चिंतामणि कुशवाह 4 अप्रैल 2026 को अपनी पेंशन निकालने के लिए बैंक पहुंचे थे। उन्होंने बैंक से 30,000 निकाले और वहीं बैठकर पैसे गिनकर अपने बैग में रख लिए। कुछ देर बाद वे बैंक से बाहर निकलकर घर पहुंचे। घर पहुंचने पर जब उन्होंने बैग खोला तो उसमें से रुपये गायब थे। इसके बाद वे तुरंत अपने परिजन के साथ बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक को पूरे मामले की जानकारी दी। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने बैंक के अंदर ही पैसे गिनकर बैग में रखे थे। पीड़ित के अनुसार, जब बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो घटना के समय का फुटेज उपलब्ध नहीं मिला। बताया गया कि 12:15 से 12:21 बजे के बीच कैमरा बंद था, जो संदेह को और गहरा करता है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि यह किसी साजिश के तहत किया गया हो सकता है। मामले की सूचना थाना गोहद पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक प्रबंधन से पूछताछ कर सीसीटीवी सिस्टम की जांच की। हालांकि, कैमरा बंद होने के कारण घटना की स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आ सकी है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस घटना के बाद बैंक की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। पेंशनधारी के 30,000 बैंक से निकलने के बाद गायब, बैंक परिसर में पैसे गिनकर बैग में रखे थे,घटना के समय सीसीटीवी कैमरा बंद बताया गया,12:15 से 12:21 बजे के बीच का फुटेज नहीं मिला,पुलिस ने जांच शुरू की, साजिश की आशंका,अब देखना होगा कि पुलिस जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और बैंक की इस बड़ी लापरवाही पर क्या कार्रवाई होती है।

# गलियों से विवि तक—डॉ . संजीव बने जीवाजी विश्वविद्यालय के ईसी सदस्य



**नवभारत न्यूज**
**गोहद,07अप्रैल।** गोहद की माटी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा पर गर्व करने का अवसर पाया है। खटीक मोहल्ला में जन्मे डॉ. कुमार संजीव ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के दम पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में स्थान प्राप्त किया है। डॉ. संजीव की यह सफलता इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि उनकी शिक्षा-दीक्षा की मजबूत नींव गोहद की साधारण गलियों से ही पड़ी। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई गोहद में ही पूरी की। उनके पिता श्री रामस्वरूप आर्य, जो बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद में अंग्रेजी के व्याख्याता रहे, ने उन्हें शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों की प्रेरणा दी।बचपन से ही मेधावी और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे डॉ. कुमार संजीव ने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों की सीमाएं बड़े सपनों को कभी रोक नहीं सकतीं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गोहद क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। नगरवासियों ने डॉ. संजीव को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनकी नई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और क्षेत्र का नाम और ऊंचा करेगी। डॉ. संजीव के कार्यपरिषद सदस्य बनने पर जितेंद्र गुप्ता, पवन गुप्ता, डॉ. बीरेंद्र गुप्ता, मोहन गुप्ता, इंसाफ अहमद कुरैशी, विष्णु गुप्ता, अनिल अग्रवाल, गिर्राज निगोतीय, संदीप जोशी, गोविंद शुक्ला, श्याम बाजपेयी, धर्मेंद्र पांडे, धर्मेंद्र दुबे, निसार मोहम्मद, रामकुमार भटेले, मनीष मुदगल, पिंकी गुर्जर, मनीष दीक्षित, सुशील श्रीवास्तव, रामसेवक दिनकर, डॉ. रामचित्र, धर्मेंद्र भदौरिया, दीपक गुप्ता, विजय शर्मा, चेतन शर्मा, संजय बदिल सहित अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सेवार्थ जन कल्याण समिति, ग्वालियर के अध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित ने कहा कि डॉ. कुमार संजीव प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी रहे हैं और सामाजिक समरसता की भावना के साथ कार्य करते आए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1987-88 में डॉ. संजीव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद के छात्र रहे हैं। बाल्यकाल से ही उनमें समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण और सहयोग की भावना स्पष्ट दिखाई देती थी। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकारी परिषद में रहते हुए डॉ. संजीव शिक्षा की दिशा और दशा में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे।

# अधिकारियों पर सांठगांठ कर ड्यूटी से हटाने का आरोप

## छह शिक्षकों ने जनगणना कार्य से हटवाई ड्यूटी चर्चा का विषय

**मालनपुर, 7 अप्रैल।** मालनपुर नगर परिषद द्वारा दिनांक 16 मार्च को नगर में जनगणना कार्य हेतु 42 शिक्षकों को ट्रेनिंग देकर जनगणना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया था इनमें से एक शिक्षक फील्ड ट्रेनर थे जिसके चलते उन्हें जनगणना ड्यूटी से हटा दिया गया, और एक शिक्षक विकलांग तो दो शिक्षकों को विशेषकर गंभीर बीमारी या स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देकर, ड्यूटी से राहत (मुक्ति) दी गई।

ना विकलांग ना कोई बीमारी फिर भी जनगणना कार्य से 6 शिक्षकों की ड्यूटी हटाई,, क्या अधिकारियों ने राजनीतिक दबाव में हटाई ड्यूटी या कोई अन्य कारण, क्षेत्र में चर्चा का विषय

विकलांग एवं गंभीर रूप से बीमार शिक्षकों को जनगणना कार्य से राहत देना तो ठीक है लेकिन कुछ ऐसे शिक्षक भी हैं जो न विकलांग है और ना ही गंभीर बीमार है दबी जुबान से शिक्षक बता रहे हैं कि यह बहानेबाजी है और और कहीं ना कहीं अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाकर जनगणना ड्यूटी से राहत ली है, जो एक तरह से जनगणना कार्य में लगाए गए अन्य शिक्षकों के साथ एक तरह से अधिकारियों का दोहरा चरित्र है क्योंकि ड्यूटी कार्य में कई ऐसे शिक्षक भी लगाए गए हैं जिन पर दो दो स्कूलों के प्रभार हैं बावजूद भी जानबूझकर ऐसे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

### इन शिक्षकों ने हटवाई ड्यूटी

1 माधुरी गुर्जर 2 रामकुमार शर्मा 3 प्रीति श्रीवास्तव 4 विभा द्विवेदी 5 मधु तोमर 6 आकांक्षा यह सभी 6 शिक्षक अपनी अपनी समस्या बात कर जनगणना ड्यूटी से बाहर हो गए है, लेकिन सवाल यह उठता है कि गंभीर बीमारी से ग्रसित या विकलांग शिक्षकों को ही राहत प्रदान की गई थी बावजूद 6 शिक्षकों को किस आधार पर ड्यूटी से बाहर किया गया यह गंभीर सवाल है, क्या उनकी जगह पर शिक्षकों को ड्यूटी लगाया गया है उनके घर परिवार नहीं है क्या उनके लिए समस्या नहीं है तो फिर जानबूझकर अधिकारियों ने उनकी जगह दूसरे शिक्षकों को जनगणना कार्य में जानबूझकर क्यों नियुक्त किया है यह सब बातें विभाग से बाहर आकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है और लोग अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं नाम न छापने की शर्त पर दबी जुबान से शिक्षक भी कह रहे हैं यह अधिकारियों का दोहरा चरित्र है जिन शिक्षकों पर दो-दो विद्यालय और विभागीय कार्य का बोझ है बावजूद भी उन्हें इस ड्यूटी कार्य में लगाया गया है। इस मामले में गोहद खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सुंदर भारद्वाज के मोबाइल नंबर पर संपर्क करना चाहा तो फोन रिसीव नहीं हुआ

### इनका कहना है

हमने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सभी शिक्षकों की बैठक ली थी,जो शिक्षक विकलांग एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं उनका नाम विभाग ने ही जनगणना कार्य से हटा दिया है इसमें हमारा कुछ लेना-देना नहीं है, जो शिक्षक आरोप लगा रहे हैं वह शिक्षक काम से बचना चाहते हैं

**रेहान अली जैदी**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर
नगर परिषद मालनपुर



# टीबी के मरीजों को फूड बास्केट प्रदान की

**भिंड, 7 अप्रैल।** जिले में संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस यादव के निर्देशन में एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. डीके शर्मा के नेतृत्व में जिला क्षय केन्द्र में आज 21 टीबी मरीजो को फूड बास्केट प्रदान किये गये।

जिला चिकित्सालय में पदस्थ काउंसलर सीमा जैन एवं संगम कुमारी के द्वारा आज टीबी मरीजों के प्रति सहयोग को दर्शाते हुये आज 21 टीबी मरीजो को फूड बास्केट प्रदान किये। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि जिले में टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने के लिये अधिक से अधिक लोगो को नि- क्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को सहायता प्रदान करने के प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में पदस्थ काउंसलर्स द्वारा 21 मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किये गये हैं। डॉ शर्मा के द्वारा बताया गया कि दोनो कांउसलर के द्वारा किया गया कार्य बहुत ही पुनीत है एवं अन्य लोगो को भी ऐसे भी कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करने वाला है। अंत में डॉ शर्मा के द्वारा सभी लोगो का धन्यवाद किया एवं अन्य लोगो से भी नि- क्षय मित्र बनकर सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। इस मौके पर राजेश शर्मा, अवनीश दैपुरिया, रविदत्त शर्मा, अमर सिंह, प्रशान्त सिंह, केपी सिंह, जयदीप शर्मा, जितेन्द्र एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# अंधविश्वासों से दूरी बनाएं, विज्ञान के साथ खड़े हों

## विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 पर सुप्रयास का आयोजन

**भिण्ड, 7 अप्रैल।** वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 पर दुनिया के लोगों से विज्ञान का समर्थन करने का आह्वान करते हुए थीम दी है। स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें। भारत में मिथकों और अंधविश्वासों से आम जनता को सावधान करके ही हम स्वास्थ्य के लिए एकजुट होकर विज्ञान के साथ खड़े हो सकते हैं। उक्त उदागार पूर्व सीएमएचओ डॉ. विनोद सक्सेना ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इस वर्ष भी एक साल भर चलने वाले अभियान की शुरुआत की है जो मनुष्यो, जीव जंतुओं, पेड़ पौधों और पृथ्वी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए वैज्ञानिक सहयोग की शक्ति का उत्सव मनाएगा। यह अभियान वैज्ञानिक उपलब्धियों और साक्ष्यों को कार्रवाई में बदलने के लिए आवश्यक बहुपक्षीय सहयोग पर प्रकाश डालता है ।

**2026 के अभियान के दो प्रमुख वैश्विक आयोजन:** सुप्रयास सचिव डॉ मनोज जैन ने कहा कि फ्रांस की सरकार द्वारा जी7 की अध्यक्षता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वन हेल्थ शिखर सम्मेलन (7 अप्रैल) और डब्ल्यूएचओ सहयोगी केंद्रों का उद्घाटन वैश्विक मंच (7-9 अप्रैल) जिसमें 80 से अधिक देशों के लगभग 800 वैज्ञानिक संस्थान एकत्रित हुए हैं। ये दोनों आयोजन मिलकर संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अंतर्गत अब तक का सबसे बड़ा वैज्ञानिक नेटवर्क बनाते हैं जो इस बात को रेखांकित करता है कि विज्ञान आधारित साझेदारियाँ सभी के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कैसे कर सकती हैं। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता ही खतरे में है।

**योग्य चिकित्सकों पर ही विश्वास करना चाहिए:** कार्यक्रम का आयोजन विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज में सामाजिक संस्था सुप्रयास द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर प्रमोद वर्मा ने कहा कि समाज में फैले मिथकों एवं अंधविश्वासों से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी के उपचार के लिए केवल वैज्ञानिक पद्धति एवं योग्य चिकित्सकों पर ही विश्वास करना चाहिए।

अंत में आभार व्यक्त करते हुए डॉ. मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि सुप्रयास द्वारा विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज एवं अस्पताल में प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर डॉ. निकिता बोहरे, हिमांशु श्रीवास्तव, समीक्षा शर्मा ने भी स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

# जनसुनवाई में 69 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई



**भिंड, 7 अप्रैल।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 69 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

# स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए मिलकर करें काम

मेरा आग्रह है कि खुद को स्वस्थ रखने के लिए हरसंभव प्रयास जरूर करें. लाघवं कर्मसामर्थ्यं दीप्तोऽग्निर्मेदसः क्षयः.
विभक्तघनगात्रत्वं व्यायामादुपजायते ॥

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी लिखा पोस्ट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा, अच्छा स्वास्थ्य एक ऐसा चुनाव है, जिसे हम उचित देखभाल से बनाए रख सकते हैं. इस अवसर पर, आइए हम सभी उचित देखभाल, स्वस्थ खान-पान की आदतों और नियमित व्यायाम के माध्यम से एक स्वस्थ और सुदृढ़ समाज के निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करें.

### स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखें : नड्ढा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम अपने स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखें और एक संतुलित जीवनशैली अपनाएं. स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारत का दृष्टिकोण प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का एक अनूठा संगम है, जो न केवल देश के भीतर, बल्कि पूरे विश्व में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, 'आयुष्मान भारत' और 'पीएम भारतीय जनऔषधि परियोजना' जैसी परिवर्तनकारी पहलों ने हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ बनाया है, जिससे हर नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण उपचार अधिक सुलभ, किफायती और समावेशी बन गया है. उन्होंने आगे कहा, हम उन सभी डॉक्टरों, नर्सों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनके समर्पण से हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनी हुई है. आइए, हम सब मिलकर एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में काम करें.



### स्कूल बसों पर चालानी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,07अप्रैल।** जिला परिवहन अधिकारी के निर्देश पर चेकपॉइंट टीम द्वारा आज विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 22 हजार 500 रुपये का राजस्व वसूला गया। चेकिंग के दौरान प्रधान आरक्षक राजेश तोमर, आरक्षक राजकुमार, आरक्षक यूसुफ खान एवं चेक पॉइंट का समस्त होमगार्ड सैनिक स्टाफ मौजूद रहा।


# कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

विज्ञप्ति क्र./ 2026/ 483

(Online) निविदा आमंत्रण सूचना

उज्जैन दिनांक-06/04/2026

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं, सिरियल क्र. 1 से सिरियल क्र. 3 का टेण्डर फार्म मूल्य 30,000/- रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी ।

| क्रं. | टेण्डर क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल | अर्नेस्टगनी रु. | समयावधि | आनलाईन क्रय करने की एवं ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _497053_1 | क्षिप्रा नदी गऊघाट पाला पर प्रस्तावित ब्रिज हेतु पहुँच मार्ग एवं रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य । | 12,76,45,448/- | 02-08-2021 UADD ISSR SOR And 08-11-2025 UADD ISSR Road SOR | 6,38,228/- | 365 दिन | 04.05.2026 समय 17:00 |
| 2 | 2026_UAD _484383_2 | महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर होते हुए ढाबा रोड़ तक सड़क चौड़ीकरण कार्य । | 13,55,09,393/- | 02-08-2021 UADD ISSR SOR And 08-11-2025 UADD ISSR Road SOR | 6,77,550/- | 365 दिन | 02.05.2026 समय 17:00 |
| 3 | 2026_UAD _482263_2 | उज्जैन शहर अंतर्गत दो स्थानो पर कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण कार्य । एवं आवश्यक मशीनरी स्थापना कार्य | 11, 22,92,352/- | 02-08-2021 UADD ISSR SOR And 08-11-2025 UADD ISSR Road SOR | 5,61,470/- | 365 दिन | 21.04.2026 समय 18:00 |

कार्यपालन मंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन